## शहडोल में खड़े ट्रक में पिकअप ने मारी टक्कर

### अगला हिस्सा ट्रक में घुसा, चालक गंभीर



**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल के ब्यौहारी के बसही गांव के पास सड़क पर खड़े एक खराब ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप ड्राइवर और कंडक्टर गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना मंगलवार सुबह की है। रायपुर से रीवा जा रही खीरा लदी पिकअप सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई। इस भिड़ंत में पिकअप का अगला हिस्सा ट्रक में घुस गया। दोनों घायल वाहन में फंस गए। पुलिस और स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला।

थाना प्रभारी अरुण पांडे ने बताया कि घटनास्थल पर 108 एम्बुलेंस को बुलाया गया। घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। ड्राइवर की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

पुलिस जांच में सामने आया कि ट्रक खराब होने के बावजूद चालक ने आगे-पीछे कोई सांकेतिक निशान नहीं लगाया था। पुलिस ट्रक के मालिक और ड्राइवर का पता लगा रही है। मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सेवानिवृति के बाद प्राध्यापक को पेंशन मिली न राशि

**शहडोल, देशबन्धु।** कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता ने आज साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में शहडोल संभाग के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी तथा समस्याओं और शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई कार्यक्रम में कमिश्नर को शहडोल जिले के जयसिंहनगर तहसील के ग्राम पांड़ के रामलाल पटेल ने आवेदन करते हुए बताया कि उसकी पत्नी को लाडली बहना योजना का लाभ मिल रहा था। किन्तु कुछ माह योजना का लाभ मिलने के बाद अब लाडली बहना योजना की राशि खाते में नहीं आ रही है।

रामलाल पटेल ने कमिश्नर से उसकी पत्नी को पुनः लाडली बहना योजना का लाभ दिलाने की बात कही। रामलाल पटेल की शिकायत पर कमिश्नर ने सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास से शिकायत का परीक्षण करने के निर्देश दिए तथा हितग्राही को किन कारणों से लाडली बहना योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है इस संबंध में वस्तुस्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए।



### कमिश्नर ने जनसुनवाई में सुनीं लोगों की समस्याएं

जनसुनवाई कार्यक्रम में कमिश्नर को आवेदन देते हुए सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ नीलमणि दुबे ने बताया कि वह शंभूनाथ महाविद्यालय में प्राध्यापक के रूप मे कार्यरत थी। वह 30 जून 2024 को सेवानिवत्त हो चुकी हैं। सेवानिवत्ति के पश्चात उसे अर्जित अवकास के नगदीकरण की राशि, फैमिली बेनीफिट फंड में जमा राशि, जीआईएस में जमा राशि, वेतन वृद्धि स्वीकृति उपरांत पेशन का पुनर्निधारण, वेतन निर्धारण के उपरांत पेंशन पुनरीक्षण कर राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

उन्होंने कमिश्नर से अनुरोध करते हुए कहा कि उन्हें उनके सेवानिवृत्ति पर मिलने वाले स्वत्वों का भुगतान किया जाए। जिस पर कमिश्नर ने सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. नीलमणि दुबे को समझाईस दी की उनके सभी सेवा निवृत्ति के स्वत्वों का भुगतान करा दिया जाएगा। कमिश्नर ने प्राचार्य शंभूनाथ शासकीय महाविद्यालय को निर्देश दिए हैं कि वह सेवानिवृत्त प्राचार्य के स्वत्वों के भुगतान पर की जा रही कार्यवाही की प्रगति से उन्हे तत्काल अवगत कराएं।

जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिह कनेश, उपायुक्त राजस्व मिनिषा पाण्डेय सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### सार-समाचार

## सर्वेयरों ने सुनाई अपनी समस्याएं



**ब्यौहारी, देशबन्धु।** तहसील के सर्वेयरों ने मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम ब्यौहारी को सोपा ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि सभी सर्वेयर को पहचान पत्र जारी किया जाए ,गिरदावरी के दौरान दुर्घटना बीमा प्रदान किया जाए किसानों से संबंधित पटवारी के बाद सारे काम सर्वेयर को दिए जाएं, मानदेय फिक्स किया जाए सहित कई मांगे की गई है ज्ञापन सौंपते समय प्रदीप मिश्रा अध्यक्ष शिवम गुप्ता नीलू कुशवाहा भैया लाल पाल, लेंसी पटेल, प्रदुम सिंह रोहित कुशवाहा ,राजभान साहू आशीष गुप्ता शिवांगी सिंह, लाल बहादुर राठौर ,कामता प्रसाद राठौर, दलपत पटेल, सुहानी पटेल आदित्य तिवारी, संतोष कुमार कुशवाहा ,रंजीत सिंह ,ज्ञान दत्त कुशवाहा, श्री ओम पटेल, पुष्पेंद्र पटेल बलराम नट, शत्रुघ्न साकेत सोनेंद्र कुशवाहा के साथ अन्य सर्वेयर मौजूद थे।

## नेशनल लोक अदालत आठ को

**उमरिया, देशबन्धु।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को जिला न्यायालय उमरिया एवं सिविल न्यायालय बीरसिंहपुर पाली/मानपुर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रथम जिला न्यायाधीष द्वारा कुल 12 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया है। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला न्यायालय उमरिया में 09 खण्डपीठ, सिविल न्यायालय बीरसिंहपुर पाली में 02 खण्डपीठ एवं सिविल न्यायालय मानपुर में 01 खण्डपीठों का गठन किया गया है। रामसहारे राज, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी नेषनल लोक अदालत, ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरणों, चैक बाउंस के प्रकरणों, पारिवारिक एवं वैवाहिक प्रकरणों, मोटरयान क्षतिपूर्ति दावा प्रकरणों आदि का निराकरण किया जावेगा। बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण होने पर संपूर्ण कोट फीस की वापसी हो जाती है तथा विवाद हमेशा के लिये समाप्त हो जाता है। नेशनल लोक अदालत में नगरीय निकायों एवं विद्युत अधिनियम से संबंधित प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में शासन के द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुसार छूट प्राप्त होगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया द्वारा जन सामान्य से नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कराने एवं विवाद रहित समाज की स्थापना में न्यायालय का सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

## कार्यालयों में महिला टायलट एवं लंच रूम की व्यवस्था हो



**शहडोल, देशबन्धु।** रेलवे कर्मचारियो के विभिन्न मुद्दों के निराकरण पर चर्चा करने के लिए मजदूर कांग्रेस के केन्द्रीय पदाधिकारी जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव, संयुक्त महामंत्री बिलासपुर मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री और जोनल मुख्यालय सचिव राजेश सोनकर ने विगत दिनों प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्रीमती दर्शनलिता अहलूवालिया से मुलाकात की। बैठक में मजदूर कांग्रेस के नेताओं ने प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी बिलासपुर से मांग की 19 व 20 फरवरी को हुए जोनल पी एन एम बैठक में रेल कर्मचारियों के हित में लिए गए निर्णय के आदेश जारी कर रेल कर्मचारियों को लाभ दिया जाए। मजदूर कांग्रेस ने यह मांग भी की बिलासपुर मंडल में महिला मजदूर कांग्रेस शाखा खोलने हेतु रेल प्रशासन स्वीकृति प्रदान करें, 08 मार्च विश्व महिला दिवस पर रायपुर, नागपुर, बिलासपुर रेल मंडल में व्यापक समारोह मनाने हेतु कार्मिक विभाग से निर्देश जारी कर ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को शामिल किया जाए।

## मानपुर के जंगल में मिला वृद्ध का शव

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के मानपुर थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। गोबराताल के जंगल में मंगलवार को एक वृद्ध का शव मिला। मृतक की पहचान गाटा निवासी सिब्बू बैगा (65) के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार, सिब्बू अपनी बेटी के ससुराल जाने के लिए घर से निकले थे। शव मिलने की सूचना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर मानपुर पुलिस और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की टीम पहुंची। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

थाना प्रभारी मुकेश मर्सकोले के नेतृत्व में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। मौत के कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद चल सकेगा।

## जंगल में छिपा कर रखी थी बाइक, शातिर चोर गिरफ्तार

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल जिले के खैरहा थाना क्षेत्र में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए युवक की बाइक अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली थी। युवक ने 24 जनवरी को इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की।

चौराडीह गांव में दुर्गा प्रसाद लोधी के परिवार में शादी थी, जिसमें शामिल होने वह अपनी मोटरसाइकिल से पहुंचा था। उसने अपनी बाइक पंडाल के बाहर खड़ी कर दी, लेकिन जब वापस लौटने के लिए उसे तलाशने लगा तो बाइक चोरी हो चुकी थी। रात में ही उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने मामले की जांच करते हुए थाना क्षेत्र के निगरानी शुदा बदमाश अनिल उर्फ बंटी ढीमर को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया।

### रात को घूमता था चोरी की बाइक में

पूछताछ में उसने बाइक चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। आरोपी ने चोरी की गई बाइक को जंगल में छिपा रखा था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया।

थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि आरोपी अनिल उर्फ बंटी ढीमर पहले भी बाइक चोरी के मामलों में गिरफ्तार हो चुका है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी के साथ आरक्षक सतीश चौरसिया, मॉरीश और अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जांच में सामने आया कि वह चोरी की गई बाइक को घर में रखने से डर रहा था, इसलिए उसे जंगल में छिपा दिया और रात में बाइक से घूमता था। पुलिस आरोपी के पुराने रिकॉर्ड भी खंगाल रही है।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में दिखा बजरंग बाघ



**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सोमवार को पर्यटकों को बाघ बजरंग के दर्शन का रोमांचक अनुभव मिला। पर्यटक जब ताला परिक्षेत्र में सफारी कर रहे थे, तभी बजरंग अचानक झाड़ियों से निकलकर वन मार्ग पर आ गया। बजरंग एक 6 वर्षीय नर बाघ है। उसकी टेरिटरी खितौली, मगधी और त

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व बाघों के लिए विश्व प्रसिद्ध है। यहां खितौली, मगधी और ताला कोर में सफारी की सुविधा उपलब्ध है। रिजर्व में वर्तमान में 165 से अधिक बाघों का निवास है। यहां पर्यटकों को अक्सर विभिन्न अंदाज में बाघों के दर्शन होते रहते हैं।

## छठवें दिन भी जारी रही एचएमएस की हड़ताल

### प्रबंधन पर लगाए गंभीर आरोप

**शहडोल, देशबन्धु।** एसईसीएल जोहिला क्षेत्र की नौरोजाबाद सब एरिया में व्याप्त अनियमितताओं, भ्रष्टाचार और 32 सूत्रीय मांगों को लेकर कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) का धरना छठवें दिन भी जारी रहा। संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि एसईसीएल प्रबंधन मजदूर विरोधी नीतियां अपना रहा है और तानाशाही रवैया अपनाए हुए है।

एचएमएस के पदाधिकारियों ने कहा कि कंचन खदान में कंपनी के आवास निजी व्यक्तियों को किराए पर दे दिए गए हैं, जबकि श्रमिक और उनके परिवार आवास के लिए परेशान हैं। अधिकारियों की मिलीभगत से ठेकेदार मजदूरों का शोषण कर रहे हैं और उनके पीएफ का भी गबन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक प्रबंधन की ओर से कोई ठोस बातचीत या हड़ताल समाप्त करने की पहल नहीं की गई है, जिससे टकराव बढ़ने की आशंका है। यूनियन के सदस्य अब हड़ताल और उत्पादन बंद करने जैसी रणनीति बनाने में जुट गए हैं।

**रेलवे साइडिंग में हो रहा घोटाला**

एचएमएस जोहिला क्षेत्र के अध्यक्ष अरुण मिश्रा ने आरोप लगाया कि नौरोजाबाद उपक्षेत्र की खदानों से लेकर रेलवे साइडिंग तक भ्रष्टाचार व्याप्त है। उन्होंने दावा किया कि रेलवे साइडिंग का कांटा सेट कर दिया गया है, जिससे हर वैगन में 15 से 20 टन कोयला अधिक लोड किया जा रहा है। इस फर्जीवाड़े में रेलवे स्टाफ भी शामिल है, जो रास्ते में अतिरिक्त कोयले को ठिकाने लगा देता है, जिससे कंपनी को हर महीने करोड़ों का नुकसान हो रहा है।

इसके अलावा, नौरोजाबाद रेलवे साइडिंग में कोयले को स्लैक बनाने की प्रक्रिया में भी लाखों रुपये का घोटाला किया जा रहा है। इसके लिए मोबाइल क्रेशर लगाया गया है, जिससे मजदूरों से स्लैक बनवाकर फर्जी भुगतान निकाला जा रहा है। वहीं, कंचन खुली खदान में सुरक्षा नियमों की अनदेखी करते हुए बिना अनुमति कोयले की छंटाई कराई जा रही है, जिससे किसी भी समय दुर्घटना हो सकती है। प्रबंधन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम न उठाए जाने के कारण श्रमिकों में रोष बढ़ता जा रहा है। यदि जल्द ही समाधान नहीं निकला, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## पाली महाविद्यालय में वित्तीय जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**बिरसिंहपुर पाली, देशबन्धु।** वर्तमान समय मे इंटरनेट एवं बैंकिंग फ्रॉड के सम्बन्ध में विद्यार्थियों को जागरूक करने एवं इंटरनेट तथा ऑनलाइन बैकिंग के सही,सजग एवं सुरक्षित उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नीति आयोग एवं नैसकॉम के सहयोग से पाली महाविद्यालय में वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य हरलाल अहिरवार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में वित्तीय जागरूकता एवं सुरक्षित बैंकिंग सेवाओं के उचित उपयोग हेतु परामर्श देने उपस्थित हुए आईटी एक्सपर्ट आनंद गुप्ता एवं ऋतिक शुक्ला द्वारा विद्यार्थियों को आजकल होने वाले वित्तीय फ्रॉड के सम्बंध में उपयोगी जानकारी देते हुए बताया गया कि किस प्रकार इंटरनेट के सही उपयोग से अनभिज्ञ भोले- भाले नागरिक धोकेबाजो के जाल में फँसकर अपनी मेहनत की कमाई लुटा बैठते है। कार्यक्रम मे संचालन कर रहे डॉ मंसूर अली ने कहा कि इंटरनेट एवं ऑनलाइन बैंकिंग सेवाओं का सही एवं सुरक्षित उपयोग हमारी कई कठिनाइयों को आसान बना देता है। कार्यक्रम में डॉ. शाहिद सिद्दीकी, अनुभव श्रीवास्तव, डॉ.जेपीएस चौहान, डॉ ऋतु सेन,डॉ. नुपमा द्विवेदी, डॉ.मनीषा अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## विश्व वन्य जीव दिवस पर टाइगर रिजर्व में निकाली साइकिल रैली

**उमरिया, देशबन्धु।** विश्व वन्य जीव दिवस के अवसर पर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में जागरूकता सह साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय ने किया तथा उपसंचालक प्रकाश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में यह रैली निकाली गई। इसका उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण और वनों में आग न लगाने का संदेश जन-जन तक पहुंचाना था।

इस रैली में टाइगर रिजर्व के विभिन्न परिक्षेत्रों के अधिकारी, कर्मचारी और सुरक्षा श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही जिप्सी यूनियन, गाइड यूनियन और होटल यूनियन के प्रतिनिधियों ने भी इस आयोजन में अपना विशेष सहयोग दिया।



साइकिलों की व्यवस्था अरण्यक रिसॉर्ट के सौजन्य से की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपसंचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व ने हरी झंडी दिखाकर किया, जिसके बाद रैली परिक्षेत्रों के विभिन्न गांवों के लिए रवाना हुई। इस दौरान उपसंचालक, सहायक संचालक और परिक्षेत्र अधिकारियों ने भी साइकिल चलाकर लोगों को वन्य प्राणियों के संरक्षण और वनों में आग न लगाने का संदेश दिया।

इस कार्यक्रम के दौरान जीरो फायर मिशन 2.0 का भी उद्घाटन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य वनों में आग की घटनाओं को शून्य तक पहुंचाना है। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे वन संरक्षण में सहयोग करें और वनों को आग से बचाने के लिए सतर्क रहें।

इस रैली ने स्थानीय लोगों में पर्यावरण और वन्यजीवों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने इस सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग महुआ बिनने के लिए जंगल जाते हैं और जंगलों में आग लगा देते हैं, जिस कारण से आज कई बार जंगलों में फैल जाती है। जहां वन्य प्राणियों को भी आग का खतरा बना रहता है। इसीलिए वन अधिकारियों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर ग्रामीणों को आग न लगाने की सलाह दी जाती है। इसके साथ लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है।

## सात-आठ को लगेगा कृषि विज्ञान मेला

**शहडोल, देशबन्धु।** परियोजना संचालक आत्मा किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने जानकारी दी है कि दो दिवसीय कृषि विज्ञान मेला का आयोजन 7 मार्च से 8 मार्च तक ग्राम मैकी विकासखंड सोहागपुर में किया जाएगा। यह कृषि विज्ञान मेला सुबह 11 से प्रारंभ होगा

परियोजना संचालक आत्मा ने बताया कि उक्त मेला में प्राकृतिक खेती, उन्नत कृषि यंत्र, उन्नत कृषि की नवीन तकनीकी के संबंध में कृषकों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी जायेगी। कृषि पद्धति के संबंध में तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से कृषकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह दो दिवसीय कृषि विज्ञान मेला का आयोजन किया जाना है जिसमें जिले के अधिक से अधिक कृषक उपस्थित होकर कृषि संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।